प्रेस विज्ञप्ति

- ❖डीआईजी बस्ती द्वारा एसपी सिद्धार्थनगर व सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों के साथ भारत-नेपाल बार्डर का किया गया भ्रमण।
- ❖डीआईजी बस्ती द्वारा सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ की गयी गोष्ठी।
- ❖संबंधित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 11.06.2025 को श्री संजीव त्यागी पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती द्वारा डॉ अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के साथ बढनी कस्टम गेस्ट हाउस में एस.एस.बी.,आईबी, कस्टम, पुलिस , एलआईयू , रा आदि विभाग के अधिकारियों के साथ सर्वप्रथम परिचय प्राप्त कर सभी अधिकारीगण के साथ गोष्ठी की गयी।

डीआईजी बस्ती द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप "आपरेशन कवच" के तहत एसपी0 सिद्धार्थनगर को आपरेशन त्रिनेत्र के प्रभारी की अध्यक्षता में एक टीम का गठन करने जिसमें पुलिस व प्रशासनिक तथा बार्डर सुरक्षा एजेंसियों (एसएसबी,एलआईयू,कस्टम आदि) के अधिकारी/कर्म0 रहेगें , की संयुक्त टीम द्वारा बार्डर पर सामानों की चेकिंग कर कार्यवाही करने, प्रत्येक सप्ताह आपरेशन कवच के तहत गठित ग्राम सुरक्षा समितियों के साथ संयुक्त रुप से गोष्ठी करने, आसूचना संकलन व मोबाइल न0 का आदान-प्रदान करने तथा उसकी रिपोर्ट प्रत्येक माह देने,मानव तस्करी, मादक पदार्थों / नशीली दवाओं/अवैध शराब व अवैध तरीके से वस्तुओं/सामानो के आयात-निर्यात आदि रोकने, आपरेशन त्रिनेत्र/दृष्टि के तहत ज्यादा से ज्यादा सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाये जाने, संदिग्ध/ देश विरोधी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के बारे में जानकारी करने तथा लाभप्रद सूचनाओं से उच्चाधिकारीगण को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात डीआईजी बस्ती द्वारा पुलिस व प्रशासन के अधिकारीगण तथा सुरक्षा एजेंसियों के साथ भारत-नेपाल बार्डर का फुट पैट्रोलिंग कर संबंधित को दिशा-निर्देश दिया गया।

इस दौरान श्री प्रशान्त कुमार अपर पुलिस अधीक्षक,उपजिलाधिकारी शोहरतगढ, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ, निरीक्षक अभिसूचना इकाई ,पुलिस, कस्टम,आईबी,रा , एस0एस0बी0 आदि के अधिकारी /कर्मचारीगण मौजूद रहें।

सोशल मीडिया सेल

रेंज कार्यालय, बस्ती।